## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ विद्यापति
- सर्जरीः डॉ शीतल मलुआ
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रकाश कुमार
- ऑर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- ऑब्स गायनीः डॉ एसबी सिंह
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- न्यूरोलीजीः डॉ सुरेंद्र कुमार
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- प्लास्टिक सर्जरीः डॉ विक्रांत
- पीएमआरः डॉ अमित चैतन्य
- रेडिशन ऑन्कोलॉजीः डॉ अनूप
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजीः डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- यूरोलॉजीः डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- यूरोलॉजीः डॉ पंकज कुमार
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ मोहम्मद इमरान
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वंदिता, डॉ समरीना कमल और डॉ उमा सिन्हा
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ अमरेश
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष

## शहर में आज

1. श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन - महावीर चौक - 11 बजे
2. स्वीप की डिजिटल प्रतियोगिता का उद्घाटन - आर्यभट्ट सभागार - 11 बजे
3. विधानसभा का बूथ स्तरीय सम्मेलन - बीजेपी महानगर कार्यालय रातु रोड, 11 बजे

## ब्रीफ खबरें

### मारपीट और लूटपाट के मामले में तीन गिरफ्तार

**रांची।** बरियातू थाना पुलिस ने मारपीट और लूटपाट करने के मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में शिव भगत उर्फ शिव मिंज, विशाल टोप्पो और इंद्रजीत बडाईक शामिल है. इनके पास से मोबाइल फोन बरामद किया गया है. थाना प्रभारी सुरेश कुमार मंडल ने बताया कि 30 मार्च की रात रिम्स ट्रामा सेन्टर के बाहर तालाब के पास तीन अपराधियों ने जगतपति महतो को मारपीट करते हुए डीआईजी ग्राउंड तक ले गये थे. इसके पास से उसका मोबाईल और पैसा लूट लिया था.

### आरपीएफ ने यात्री को एप्पल आई पैड लौटाया

**रांची।** रांची रेलवे सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) ने ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री को एप्पल आई पैड लौटाया. रविवार को आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20840 नई दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा करके कोडरमा स्टेशन पर उतरे यात्री अमित अंबष्ट ने रेल मदद पर अपने एप्पल कंपनी के आई पैड मूल्य करीब 27 हजार रुपये के छूट जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराया. इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरपीएफ रांची ने आई पैड को ढूंढ निकाला और यात्री को आई पैड सौंपा.

# आज नए वित्तीय वर्ष में बदल जाएंगे पांच नियम, जनता की जेब पर पड़ेगा असर

**रांची। वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त हो चुका है. सोमवार एक अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष 2024-25 शुरू हो जाएगा. नये वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ही देशभर में कई नियम बदल जाएंगे, जिसका आम जनता पर सीधा असर पड़ेगा. अप्रैल महीने की पहली तारीख से नियमों में जो बदलाव होने वाले हैं, उनमें फास्टैग, पैन-आधार लिंकिंग, नेशनल पेंशन सिस्टम, इंश्योरेंस पॉलिसी, एसबीआई डेबिट कार्ड से जुड़े नियम शामिल हैं...**

### आज नहीं कराया केवाईसी, तो बंद हो जाएगा अपका फास्टैग

एक अप्रैल से फास्टैग से जुड़े नियमों में बदलाव होने वाला है. नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने 'वन व्हीकल, वन फास्टैग' पहल के तहत बिना केवाईसी वाले फास्टैग को ब्लैकलिस्ट या डिएक्टिवेट करने की घोषणा की थी. एनएचएआई ने फास्टैग यूजर्स को केवाईसी अपडेट करने की डेडलाइन 31 मार्च 2024 तय की थी. अगर आप अपना केवाईसी अपडेट नहीं कर सके, तो एक अप्रैल से आपका फास्टैग बंद हो जाएगा.

### पैन को आधार से लिंक करने के लिए देना होगा जुर्माना

केंद्र सरकार ने पैन को आधार से लिंक करना अनिवार्य कर दिया है. केंद्र सरकार ने पैन को आधार से लिंक करने की डेडलाइन 31 मार्च 2024 तय की थी. यानि रविवार पैन को आधार से लिंक करने का अंतिम दिन था. अगर आप अपने पैन को आधार कार्ड से लिंक नहीं करते हैं, तो आपका पैन डिएक्टिवेट हो जाएगा. यानि आपका पैन कार्ड फिर किसी काम का नहीं रहेगा. इनकम टैक्स विभाग (आईटी) के अनुसार, 31 मार्च के बाद पैन को आधार से लिंक करने के लिए आपको 1000 रुपये का जुर्माना भरना होगा.

### इंश्योरेंस पॉलिसी सरेंडर करने के नियमों में बदलाव



इंश्योरेंस रेग्युलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीए) ने एक अप्रैल से बीमा पॉलिसी सरेंडर करने के नियमों में बदलाव करने का फैसला किया है. नये नियमों के तहत, अगर पॉलिसी होल्डर तीन साल के भीतर अपनी पॉलिसी सरेंडर करते हैं तो सरेंडर वैल्यू समान या कम होगा, जबकि चार से सात साल के बीच इंश्योरेंस पॉलिसी को सरेंडर करने पर पॉलिसी होल्डर को ज्यादा सरेंडर वैल्यू मिलेगी.

### टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन के बाद एनपीएस अकाउंट होगा लॉग इन

पेंशन फंड रेगुलेटरी और डेवलपमेंट अथॉरिटी ने नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) में लॉगइन करने के प्रोसेस में बदलाव करने का ऐलान किया है. नया नियम एक अप्रैल से लागू होगा. नये नियम के तहत, एक अप्रैल से सभी एनपीएस अकाउंट होल्डर्स को टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन प्रोसेस से गुजरना होगा. इसके बिना अपना एनपीएस अकाउंट लॉगइन नहीं हो पाएगा. एनपीएस अकाउंट को लॉगइन करने के समय आपके मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा. ओटीपी डालने के बाद ही होल्डर्स अपना अकाउंट लॉग इन कर पायेंगे.

### एसबीआई ने डेबिट कार्ड के मेटेनेंस फीस में की वृद्धि

एसबीआई के ग्राहकों को डेबिट कार्ड के मेटेनेंस के लिए एक अप्रैल से ज्यादा फीस देनी होगी. एसबीआई की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार, कुछ डेबिट कार्ड के एनुअल मेंटेनेंस फीस में 75 रुपये तक बढ़ोतरी होगी.

**विमर्श :** अरगोड़ा बस्ती में नागपुरी भाषा परिषद के नए कार्यालय का उद्घाटन

# नागपुरी भाषा को सादरी का नाम देना साजिश : पद्मश्री मधु मंसुरी

**खास बातें**

- डॉ. राम प्रसाद ने कहा कि नागपुरी मानक नाम है
- नागपुरी भाषा परिषद नागपुरी के लिए कृतसंकल्प
- नागपुरी कार्यालय भवन का नाम नागपुरी भवन रखा जाएगा

संवाददाता। रांची



अरगोड़ा बस्ती में कटहल मोड़ रोड स्थित आशाकुंज में रविवार को नागपुरी भाषा परिषद के नए कार्यालय का उद्घाटन हुआ. इस अवसर पर नागपुरी को सादरी नाम से अलग भाषा के रूप में स्थापित करने के प्रयास पर गहन चिंता व्यक्त की गई. नए कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पद्मश्री मधुमंसुरी हंसमुख ने कहा कि नागपुरी भाषा परिषद प्रारम्भ से ही नागपुरी भाषा के अस्तित्व को बचाने के लिए कृत संकल्प रहा है. नागपुरी भाषा को कुछ स्वार्थी तत्त्वों द्वारा षड्यंत्र के तहत नागपुरी के पुकारू नाम सादरी को एक अलग भाषा के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है. नागपुरी भाषा को सादरी का नाम देना साजिश है. इसे रोकना होगा . उन्होंने नागपुरी भाषा परिषद से अनुरोध किया कि इस भ्रम को दूर करने के लिए नागपुरी भाषा परिषद की ओर से विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों से पत्राचार किया जाय. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. राम प्रसाद ने कहा कि नागपुरी मानक नाम है. नागपुरी को सदानों की भाषा होने के कारण सदानी या सादरी कहा गया, किंतु इसकी लोकप्रियता और क्षेत्र विस्तार को देखते हुए इसके नागपुरी नाम को मानक माना गया. इस सत्य को सभी को स्वीकार करना होगा .

डॉ. उमेश नंद तिवारी ने कहा कि नागपुरी नाम आदिवासी और सदानों की एकता का सूचक है, जबकि सदानी और सादरी नाम खास जाति का बोधक है. विद्वानों से विचार विमर्श एवं सरकार की स्वीकृति के बाद ही सादरी एवं सदानी नाम के स्थान पर नागपुरी नाम को मानक नाम माना गया.

डॉ. शकुन्तला मिश्र ने कहा कि सबसे दुखद बात है कि सरकार की ओर से जारी जनगणना अधिसूचना में भी नागपुरी भाषा को सादरी और नागपुरी में बांट दिया गया है. इसे सरकार से सुधारने हेतु पुनः परिषद की ओर से मांग पत्र दिया जायगा. उन्होंने कई प्रमुख संस्थाओं की ओर से सादरी भाषा के नाम से संगोष्ठी आयोजित करने पर भी चिन्ता जाहिर की. डा. सुखदेव साहु ने कहा कि नागपुरी कार्यालय भवन का नाम जल्द ही नागपुरी भवन रखा जायगा. इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एकमत से कहा कि विद्यालय में नागपुरी नाम से ही इस विषय की पढ़ाई होती है एवं पद भी नागपुरी नाम से ही सृजित है. अतः नागपुरी नाम ही मानक नाम है. सभी पठन-पाठन सामग्री नागपुरी भाषा में ही उपलब्ध हैं. इस अवसर पर डॉ. अंजूलता कुमारी, मनीष साहू, प्रखर कुमार, धर्मेन्द्र कश्यप, रेणु कश्यप, तबरेज मंसुरी, पंचू साहू, डॉ. रामकुमार उपस्थित थे. धन्यवाद ज्ञापन पंचू साहू ने किया तथा संचालन डॉ. राम कुमार ने किया.

# माता सीता के मंदिर निर्माण को लेकर हुई रामायण रिसर्च काउंसिल की बैठक

संवाददाता। रांची



अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद अब माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण की तैयारी है. इसके निमित्त रविवार को होटल रेंड्यू, लालपुर में रामायण रिसर्च काउंसिल झारखंड इकाई की बैठक हुई. इसमें काउंसिल के सदस्यों ने मंदिर निर्माण में हरसंभव सहयोग का संकल्प लिया. साथ ही काउंसिल की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गयी, जिसमें काउंसिल के राष्ट्रीय संत संरक्षक मंडल के सदस्य स्वामी दिव्यानंद को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गयी.

मार्गदर्शक मंडल - स्वामी भूतेशानंद, स्वामी परिपूर्णानंद,महंत ओम प्रकाश ,स्वामी कृष्ण चैतन्य, संरक्षक मंडल - पूर्व आईपीएस निर्मला कौर, चंद्रकांत रायपत, सूर्यभान सिंह ए सी ठाकुर, हरि नारायण सिंह, विजय पाठक, चंदन मिश्र, विनय चतुर्वेदी, दिव्यांशु झा, अमरकांत, संजय समर. उपाध्यक्ष - पूर्व आईपीएस राजीव रंजन, डॉ अभिषेक रामाधीन, मुरारी लाल गुप्ता, महामंत्री अमित साहू, अखिलेश पाठक, हरबिंदर सिंह खुराना बॉबी, प्रमोद सारस्वत. मंत्री बिमलेश सिंह, रोहित शारदा, चंद्र प्रकाश धेलिया, प्रेमचंद श्रीवास्तव, लाल पृथ्वी नाथ शाहदेव, सह मंत्री मुरारी मंगल, पं. श्यामानंद पांडे, मुकेश वर्मा, प्रो. मुरारी मेहता मनीष,प्रशांत पोद्दार, विशेष आमंत्रित सदस्य कर्नल एके सिंह, विधि सलाहकार एडवोकेट सुनील कुमार, प्रेस सलाहकार दीपक अम्बष्ठ, मीडिया प्रभारी निलय सिंह, संजय साहू, प्रचार मंत्री राजेश अयान, संदीप मुखर्जी शैंडी को बनाया गया. विशेष कार्यकारिणी समिति में विजय पाठक, दीपेश निराला चंद्रशेखर प्रसाद, ललित चौधरी, मुन्ना सोनी, परमजीत सिंह चाना शामिल किये गये.

# सेवा भारती का दो दिवसीय किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

संवाददाता। रांची



सेवा भारती रांची महानगर के तत्वावधान में दो दिवसीय समर्थ किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 31 मार्च को सम्पन्न हुआ. प्रशिक्षण शिविर में शामिल किशोरियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर किशोरी स्वास्थ्य संबंधित जानकारी डॉ गीता मानकी ने दी. सेवा भारती के माध्यम से बस्तियों में किशोरी विकास केंद्र संचालन की योजना बनाई गई. दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि किशोरियां देश की धरोहर हैं. सेवा भारती किशोरावस्था से ही शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक क्षमता दृढ़ करने को लेकर किशोरी विकास केंद्र आयाम चलाने का कार्य कर रही हैं. किशोरी विकास केंद्र एक शक्ति का केंद्र है. एक बीज से कई गुना अधिक बीज, पौध तैयार हो जाते हैं. इस तरह से सेवा भारती किशोरी विकास केंद्र के माध्यम से किशोरी विकास व संस्कारित समाज का नवनिर्माण करने को अग्रेसित है.

# प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा के समागम का आयोजन



संवाददाता। रांची

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की रांची समर्पण शाखा के तत्वावधान में रविवार को यहां अग्रसेन भवन में 22 वीं प्रांतीय सभा सह लघु अधिवेशन ''समागम'' का आयोजन किया गया. समागम में झारखण्ड के विभिन्न भागों से करीब 400 से अधिक युवाओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, झारखण्ड के पूर्व प्रांतीय अध्यक्षगण, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं युवा साथी समेत समाज के कई सम्मानित सदस्यगण, अभिभावक शामिल हुए. अधिवेशन में झारखण्ड से मारवाड़ी समाज के युवा प्रतिभा को चुनकर उन्हें युवा रतन सम्मान से सम्मानित भी किया गया. यह आयोजन प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) विशाल पाड़िया, प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष श्वेता भाला के नेतृत्व में किया गया. कार्यक्रम में जन सेवा पोस्टर का विमोचन किया गया.

साथ ही मरुड़ी ऊर्जा के पोस्टर का विमोचन किया गया. कार्यक्रम में सबने अपनी अपनी बात रखी. इस दो दिवसीय अधिवेशन के दूसरे दिन प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें सभी शाखाओं को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया.

# हरमू में ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेव नगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्करों में अभिमन्यु गोप और अजय कच्छप शामिल है. इनके पास से 46 ग्राम ब्राउन शुगर, एक किलो गांजा और दो मोबाइल फोन बरामद किया. एसपी चंदन कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब, आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि 4-5 ब्राउन शुगर - गांजा की खरीद बिक्री हरमु नदी पुल के पास कर रहा है. सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया . टीम ने छापेमारी कर ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते हुए रंगे हाथ दो लोगों को पकड़ा . जबकि छापेमारी के क्रम में अन्य आरोपित भागने में सफल रहे.

# डीएवी स्कूल के शिक्षकों ने जाने कठिन विषय को आसानी से समझाने के तरीके

संवाददाता। रांची

डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति, नई दिल्ली के तत्त्वावधान में डीएवी पब्लिक हेहल में शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया. डीएवी स्कूल्स झारखण्ड जोन-बी एवं जोन-''जे'' के 123 शिक्षकों ने कार्यशाला में हिस्सा लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया. सामाजिक विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा के विषयों से चयनित ग्रे एरिया (कठिन क्षेत्र) पर विषय संसाधकों ने शिक्षकों से जरूरी टिप्स साझा किए. कार्यशाला के प्रशिक्षण समन्वयक सह डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एमके सिन्हा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान को कक्षा-कक्ष में विद्यार्थियों से सम्यक रूप से वितरित करें. विद्यार्थी ज्ञान पिपासु होते हैं, वे अपने शिक्षकों की ओर आशा भरी निगाहों से देखते हैं.



**खास बातें**

- डीएवी हेहल में 'क्षमता संवर्धन कार्यशाला' का आयोजन
- झारखंड जोन के 123 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

### समाज व राष्ट्र का मुख्य सचेतक होता है शिक्षक : एस के मिश्रा

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि शिक्षक समाज व राष्ट्र का मुख्य सचेतक होता है. हमारे कंधों पर राष्ट्र को सुयोग्य नागरिक देने का उत्तरदायित्व है. सीखना एक सतत प्रक्रिया है और हम इसे पूर्ण समर्पण और सच्ची निष्ठाभाव से ही ग्रहण कर सकते हैं. विषयों को जटिलता से सरलता की ओर ले जाकर अपनी कक्षाओं में विद्यार्थियों के बीच साझा करें ताकि उनके ज्ञान में उत्तरोतर वृद्धि हो सके. कार्यशाला में विषयवार समन्वयक के तौर पर कमलेश कुमार, डीएवी बरियातु के प्राचार्य तापस घोष, शारीरिक शिक्षा समन्वयक विवेकानंद घोष और गणित समन्वयक के रूप में डीएवी आनंद स्वामी की मुख्य अध्यापिका रोशी वाधवानी उपस्थित थीं.

# मधु देवी छावनिका का निधन, शोक

**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की वरिष्ठ सदस्या और समाजसेवी मधु देवी छावनिका नहीं रहीं. शनिवार की रात अकस्मात उनका निधन हो गया. उनके पति निर्मल छावनिका ने बताया कि 15 दिन पूर्व तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था. संस्था के राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि मधु देवी और उनके पूरे परिवार के सदस्य संस्था के प्रत्येक कार्यक्रम मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे. रविवार को मदगुल हेविटेट, कांके रोड से दिन के 11 बजे शव यात्रा निकाली गयी. हरमू मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया. परिवार और ईष्ट मित्र सहित पवन पोद्दार, पदम जैन, बसंत मित्तल, प्रमोद सारस्वत, दीपक पोदार, पवन बाजाज, आनंद पसारी, प्रवीण मेवाडा, डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य शवयात्रा में शामिल हुए.



**आयोजन** साहित्योदय की ओर से डॉ मयंक मुरारी को मिला झारखंड गौरव सम्मान

# व्यक्ति की सोच में है जीवन का उत्कर्ष: अशोक प्रियदर्शी

संवाददाता ।नामकुम



व्यक्ति की सोच ही उसे जीवन में उत्कर्ष पर ले जाता है. हमारी सफलता एक दिन का परिणाम नहीं होकर सतत कर्म, लग्न और लक्ष्य के प्रति समर्पण से मिलता है उक्त बातें डा अशोक प्रियदर्शी ने कहीं. वह आज साहित्योदय से सम्मानित चार रचनाकार के सम्मान में बोल रहे थे. यह कार्यक्रम प्रभात प्रकाशन के सभागार में आयोजित किया गया था. यह सम्मान अपनी लेखनी से मानवीय संवेदना के बिम्ब उकेरनेवाले एवं विशिष्ट साधना में संलग्न साहित्यकारों डॉ मयंक मुरारी को सृजनात्मक लेखन, कथा के लिए पंकज मित्र, नाटक व टेली फिल्म के लिए डॉ कुमार संजय और कविता के लिए रश्मि शर्मा के लिए दिया गया.

इस अवसर पर प्रभात खबर के झारखंड हेड, अनुज सिन्हा ने कहा कि लेखन में अपनी प्रतिभा से झारखंड में पहचान बनाना आसान नहीं है. पारिवारिक समस्याओं के बीच सृजनशीलता और विकास के प्रति समर्पण सराहनीय कार्य है. इसमें सम्मान से ऊर्जा और उत्साह मिलता है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में लेखन को समाज उपयोगी और युवा पर केंद्रित बनाना होगा.

सम्मानित होने वाले सृजन कर्मियों ने भी विचार व्यक्त किये. कार्यक्रम का संचालन संजय करुणेश और रजनी शर्मा ने किया. प्रभात प्रकाशन के झारखंड हेड राजेश शर्मा ने स्वागत और रत्ना राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया. इस अवसर पर डा अभिषेक श्रीवास्तव, हीरा सिंह, आराधना सिंह,अशोक द्विवेदी, दीप्ति भगत, राकेश रमण, वीणा श्रीवास्तव, राजीव थेपड़ा,नंदा पांडेय, सुनील बादल आदि उपस्थित थे.

### समाज के प्रति हमारा दायित्व है: डॉ. मयंक मुरारी

प्रदेश के चिंतक डॉ मयंक मुरारी ने कहा है हमारा दायित्व सिर्फ अपने और परिवार तक नहीं है. हमें समाज और देश के प्रति भी जवाबदेह होना होगा. हम जहां है , वही अपने सजग सोच और कर्म से समाज के लिए अपना प्रयास करना चाहिए. समय बहुमूल्य है और जीवन भी निश्चित है. ऐसे में हम अपनी भूमिका को बेहतर नहीं कर पाए, तो इस मानव शरीर धारण करने का मतलब नहीं है. जीवन को उत्कृष्ट बनाने के लिए हमें थोड़ा आध्यात्मिक और थोड़ा सृजनशील होना होगा .सृजनात्मक शिक्षा व्यक्ति को ऐसे अवसर प्रदान कर सकती है कि उसमें अर्न्तनिहित सृजनशीलता प्रस्फुटित होकर जीवन की समस्याओं का समाधान करने तथा नवीन कार्य करने में सहायक होती है. इस क्रिया के उत्पाद हैं तथा मानवीय व्यवहार के प्रत्येक क्षेत्र में यह मानवीय सर्वोत्कृष्टता की पहचान है.

# अबुआ झारखंड पार्टी ने एनई होरो की 99वीं जयंती मनाई



संवाददाता ।रांची

अबुआ झारखंड पार्टी के केंद्रीय समिति ने रांची बेथेसदा कंपाउंड सिरोम टोली आवासीय कार्यालय में रविवार को झारखंड गोमके एनई होरो की 99वीं जयंती मनाई गई. मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष रितन रमन होरो ने एनई होरो के जीवन पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि झारखंड गोमके ने 1973 में अलग झारखंड राज्य के लिए पहली बार तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को स्मार पत्र सौंपा था.

आज की युवा पीढ़ी को जानना चाहिए कि अलग झारखंड राज्य की मांग किसने उठायी. अलग राज्य के लिए होरो साहब का कितना बड़ा योगदान रहा है. अलग राज्य की बुनियाद रखने वाले झारखंड गोमके का यह नारा कि डरो मत शर्म मत करो तथा... संघर्ष करते रहो. केंद्रीय समिति इस वचन से प्रेरणा लेकर झारखंड को एक नया विकसित राज्य बनाने का प्रण लिया. मौके पर अजय टोपनो, निकोदिय लकड़ा, विजय आइंद, राजू वर्मा, राजेंद्र, थामस टोपनो, एस होरो, नेलन होरो, अनुपमा आइंद, मोहित चंपी आदि शामिल थे.

### हजरत अली की शहादत की याद में जाफरिया मस्जिद से अलम व ताबूत के साथ निकला मातमी जुलूस

# तुम्हारा दोस्त वही है, जो तुम्हारी गलत बातों को तुम्हारे मुंह पर कह दे : तहजीबुल

रेहान अहमद। रांची

हजरत अली की शहादत की याद में तीन दिवसीय मजलिस के अंतिम दिन रविवार को मस्जिद जाफरिया से अलम व ताबूत निकाल गया. जिसमें लोग अपने सीने को पीट रहे थे और रो रो कर हजरत अली को याद कर रहे थे. हजरत अली की शहादत 1400 वर्ष पूर्व रमजान की 21 तारीख को मस्जिदे कुफा में हुई थी. उसी याद में पूरी दुनिया के शिया मुसलमान हजरत अली को याद करते हैं और उनकी शहादत को अंजाम देने वाले इब्ने मुलजिम पर



लानत करते हैं. जुलूस से पूर्व मजलिस को खिताब फरमाते हुए मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने हजरत अली की जीवनी पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि इंसान को अपने परिवार को चलाने के लिए मेहनत से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए. यह हजरत अली का संदेश

**खास बातें**

- मातमी जुलूस में शामिल लोग सीने पीट कर मना रहे थे शोक
- हाय अली की सदाओं से गूंजता रहा मस्जिद परिसर

है, हजरत अली इतने बड़े इंसान होने के बाद यहूदी के बाग में मजदूरी करने से कभी पीछे नहीं हटे और उन्होंने फरमाया कि तुम्हारा दोस्त वही है, जो तुम्हारी गलत बातों को तुम्हारे मुंह पर कह दे, जो तुम्हारी बुराइयां पीठ पीछे करता है वह तुम्हारा कभी सच्चा दोस्त नहीं हो सकता. ऐसे दोस्तों से हमें दूरी बनाकर रखनी चाहिए, दोस्त अगर अच्छा होता है तो इसकी अजमत लोगों के बीच बढ़ जाती है. इंसान को दोस्ती हमेशा अच्छे लोगों से करनी चाहिए. हजरत अली का जीवन समाज को शिक्षित करने में गुजरा और भाईचारगी को बढ़ावा देना एक सच्चे इंसान की पहचान है. मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि धर्म कोई भी बुरा नहीं होता, धर्म में कुछ बुरे लोग आ जाते हैं, जो नफरत पैदा करते हैं, नफरत की दीवार गिराना है, मोहब्बत की दीवार को बढ़ाना है. यही संदेश मेरे मौला का था. मजलिस के बाद हजरत अली की याद में निकाले गए ताबूत को देख कर लोग रोने लगे. पूरा मस्जिद परिसर हाय अली की सदाओं से गूंज रहा था. मजलिस में जमन गाजीपुरी, कासिम अली, आजाद हुसैन ने नोहा पेश किया. मर्सिया खानी आता इमाम, मो इमाम, निहाल हुसैन, अमुद अब्बास ने पेश किया. जुलूस कर्बला चौक स्थित कर्बला मजार पहुंचकर संपन्न हुआ. जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. आयोजन अंजुमन जफरिया की ओर से किया गया.

**माह-ए-रमजान**

## गरीब रोजेदारों को इफ्तार कराना बड़ा सुन्नत : आलम



**रांची।** रंगसाज मस्जिद लेन निवासी मोख्तार आलम ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बड़ा सुन्नत है. अपनी हैसियत के हिसाब से रोजेदार और गरीबों को इफ्तार कराना चाहिए. यह अमल अल्लाह के नजदीक बहुत ही उम्दा है, रोजेदार अल्लाह के नेक बंदे होते हैं, रोजेदार का एहतेराम करना सुन्नत है. रमजान के महीने में अल्लाह ताला नेकियों का बदला एक से 70 गुना बढ़ा देता है. इंसान के जिस्म के हर हिस्से का रोजा होता है. हाथ कोई बुरा काम ना करे, पैर गुमराही की ओर न बढ़े, जुबान नशीली चीजों का स्वाद न ले, रमजान का महीना पाकी का महीना है. रोजेदारों को इफ्तार कराना भी बहुत बड़ी नेकी है, जो रोजेदारों को इफ्तार कराता है रिज्क ( माल ) में बरकत होती है. रोजेदार को इफ्तार कराना और गरीब-बेसहारों की मदद करने से अल्लाह खुश होते हैं और अपने बंदों को इनाम देते हैं. रोजेदार के लिए अल्लाह ताला ईद में कई इनाम रखे हैं. यह इनाम सिर्फ रोजेदारों के लिए है जो रमजान में अल्लाह के लिए नमाज पढ़ी हो. अल्लाह हम सभी को नेक अमल करने की तौफीक अता फरमाए.


**नन्हे रोजेदार**

### आठ साल की अनाबिया ने रखे आठ रोजे



**रांची।** हरमू निवासी मो आसिफ की आठ साल की बेटी अनाबिया आसिफ बड़ों की तरह रोजा रख रही है. अनाबिया पुंदाग स्थित दारउल अरकम स्कूल में कक्षा पहली में पढ़ती है. वह खुद से सेहरी में उठ जाती है, मना करने के बाद भी रोजा रखने की जिद करती है. हम लोग कहते हैं, थोड़ी बड़ी हो जाओ फिर रखना अभी गर्मी भी बहुत पड़ रही है. पर मानती नहीं और अपनी जिद से आठ रोजे रख लिये हैं. बच्ची के इस जज्बे से दादा, दादी, चाचा, बड़े पापा, फुआ समेत पूरे घर परिवार में खुशी की लहर है. आस पड़ोस एवं दूर के रिश्तेदारों ने अनाबिया के रोजा रखने पर मुबारकबाद दी है. मालूम हो कि ये बच्चे बड़ों के लिए सीख हैं.

### डॉ. वीके जगनाणी बोले- सादा भोजन और नियमित व्यायाम का महत्व सर्वोपरि




**रांची।** रांची के हृदय रोग एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. वीके जगनाणी ने कहा कि सादा भोजन और नियमित व्यायाम का महत्व सर्वोपरि है. डॉ. जगणानी ने इस आशय का विचार वाराणसी में आयोजित त्रिदिवसीय कार्डायबकॉन चिकित्सीय सम्मेलन में व्यक्त किया. डॉ. वीके जगनाणी ने पायरोपटोसिस पर व्याख्यान पेश किया. उन्होंने बताया कि हम सभी यह जानते हैं कि मधुमेह में वृक्क रोग होने की संभावना कई गुणा बढ़ जाती है. अनियंत्रित मधुमेह में इस स्थिति की अति हो जाती है. इसकी पहल सीरम क्रिएटिनीन बढ़ने से होती है और रोग मेडिकल रीनल डिजीज (एमआरडी) से क्रॉनिक रीनल डिजीज (सीकेडी) होते हुए अन्ततः एण्ड स्टेज रीनल डिजीज (ईएसआरडी) पर पहुंच जाता है. इस स्थिति में औषधि के साथ रीनल डायलिसिस या वृक्क प्रत्यारोपण (रीनल ट्रांस्प्लाण्ट) करना पड़ता है. नूतन अनुसंधान में यह पाया गया है कि गास्डेमिन के कारण होने वाले इन्फ्लामेशन व फाईब्रोसिस के कारण वृक्क में पायरोपटोसिस होने लगता है. यह भी पाया गया है कि यदि पायरोपटोसिस के किसी भी चरण पर रोक लगा दी जाये तो वृक्क को इन्फ्लामेशन और फाईब्रोसिस से बचाया जा सकता है. निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करना है कि रक्त शर्करा, रक्तचाप व वसा के स्तर को नियंत्रण रखना है. साथ ही सादा भोजन व नियमित व्यायाम का महत्व सर्वोपरि है. यहां बता दें कि पायरोपटोसिस एक विशेष प्रकार का रेगुलेटेड सेल है जो कि अनियंत्रित हो जाता है.

### रांची में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईसाइयों का प्रमुख पर्व पास्का

# अल्लेलूया के नारों से गूंजा लोयोला मैदान



संवाददाता। रांची

रांची के लोयोला मैदान में ईसाइयों के मुख्य त्योहारों में से एक पास्का पर्व (ईस्टर संडे) हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. महाधर्माध्यक्ष विंसेंट ने पास्का रात्रि जागरण धर्मविधि संपन्न किया. कैथोलिक कलीसिया के हजारों विश्वासी पास्का रात्रि जागरण धर्मविधि में शामिल हुए. इस दौरान मोमबत्तियों की जगमगाहट के साथ लोयोला मैदान अल्लेलूया के नारों से गूंज उठा. इस पास्का रात्रि जागरण के अवसर पर रांची आर्चबिशप विंसेंट आइंद के अलावा फादर आनंद डेविड खलखो, फादर अजय कुमार खलखो, फादर अंजलुस एक्का, फादर विनय केरकेट्टा, फादर जॉर्ज मिंज, फादर बिपिन तोपनो, फादर रेजीनाल्ड, करीब 60 पुरोहितगण और हजारों ख्रीस्त विश्वासी मौजूद रहे.

रांची आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने पास्का रात्रि जागरण धर्मविधि संपन्न किया. पवित्र समारोह का आरंभ आग की अशीष से शुरू हुआ. उस पवित्र आग से पास्का मोमबत्ती जलाया गया. सभी मसीही विश्वासियों ने पास्का मोमबत्ती से अपनी-अपनी मोमबत्ती जलायी. पास्का रात्रि जागरण धर्मविधि के दौरान बारिश होने लगी. इसके बावजूद विश्वासीगण अपनी-अपनी जगह पर डटे रहे.इस समारोह के में पवित्र जल की आशीष हुई. सभी विश्वासियों ने अपने बपतिस्मा प्रतिज्ञा का नवीनीकरण भी किया.



**प्रभु के पुनरुत्थान पर विचार करने का क्षण : आर्च बिशप**

इस अवसर पर आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने अपने प्रवचन में कहा कि पास्का पर्व के पहले हमने 40 दिनों तक (जिसे लेंट पर्व के रूप में मनाया जाता है) खुद को तैयार किया. वहीं चार दिनों का पवित्र सप्ताह ईसाई समुदाय के लिए विशेष दिन रहा, जिसमें हमने हमारे मुक्ति के रहस्यों में भाग लिया और उस पर मनन चिंतन किया. पवित्र शुक्रवार (गुड फ्राइडे) के दिन हमने प्रभु के दुखभोग और मृत्यु पर मनन चिंतन कर उनके दुखों को समझने का प्रयास किया. अभी का समय हमारे लिए प्रभु के पुनरुत्थान पर विचार करने का क्षण है. अंत में आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने सभी को पास्का महोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी.



### विश्वासियों ने पूर्वजों के कब्र पर जलायीं मोमबत्तियां



**रांची।** राख बुध (लेंट पर्व) से शुरू हुई चालीस दिनों की प्रार्थना व उपवास के पुनरुत्थान का सफर रविवार को पास्का पर्व (ईस्टर संडे) के साथ संपन्न हुआ. सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु के जी उठने का पर्व मनाया गया. इस पर्व पर हजारों की संख्या में विश्वासियों ने अपने पूर्वजों के कब्र को फूलों से सजाया और मोमबत्तियां जलायी. रांची कांटाटोली स्थित कब्रिस्तान और सिरमटोली स्थित जीइएल चर्च कब्रिस्तान में अहले सुबह पुनरुत्थान पर्व पर विशेष आराधना की गयी. अहले सुबह चार बजे जीइएल चर्च विश्वासी कलीसिया प्रोसेशन (धार्मिक जुलूस) के साथ कब्रिस्तान पहुंची. धार्मिक जुलूस के मुख्य उपदेशक मोडरेटर जोहन डांग और संचालक बिशप सिमांत तिर्की थे.

इस अवसर पर मुख्य उपदेशक जोहन डांग ने अपने संदेश में कहा कि यीशु का जी उठना निश्चित था. बाइबल के अनुसार, क्रूस पर यीशु की मृत्यु के बाद जब यीशु का शरीर कब्र में था. यीशु के कब्र के पास मरिया मगदलिनी, चेलो पेतरूश और मगदलिनी ने क्रब का पत्थर खुला देखा. एक जोर की आवाज आयी, जो स्वर्गदूते की थी. "जीवितों को मरे हुए क्यों ढूंढते हो. वह जी उठा है. जैसा लिखा है देखो यीशु मेरा उद्धाकर्ता ठहरा हैं, मैं न मरूंगा वरन जीवित रहूंगा.

**धार्मिक जुलूस के रूप में कब्र तक पहुंचे विश्वासी**

एनडब्लू जीइएल चर्च के अनुयायी रात ढाई बजे स्मारक पत्थर से प्रोसेशन (धार्मिक जुलूस) के साथ विश्वासी कलीसिया कब्र तक गये. इसके मुख्य संचालन रेव्ह यीशु नासरी मिंज और मुख्य उपदेशक आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो थे. वहीं बहूबाजार स्थित संत पॉल चर्च के विश्वासी कलीसिया प्रोसेशन कर कब्रिस्तान तक गये और अपने पूर्वजों के कब्र पर मोमबत्तियां जलायीं. मौके पर मुख्य संदेशशमूएल भुईया ने कलीसिया को दिया. रांची के संत मरिया गिरजाघर में प्रातः छह बजे ईस्टर की पहली मिस्सा की गयी. पर्व के पहला उपदेशक फादर विपिन टोपनो थे. उन्होंने कहा कि पुनरुत्थान पर्व सबसे बड़ा पर्व है. यह प्रमाण है कि यीशु जीवित है. यीशु ने मृत्यु पर विजय पायी है. हम सभी विश्वासियों को लोभ, लालच, निंद से संसारिक चीजों में विजय प्रप्त करना है.

**न्यूज अपडेट**

### सोना फिटनेस जोन में लगा रक्तदान शिविर



**रांची।** सोना फिटनेस जोन की ओर से रविवार को सोना फिटनेस जोन कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया. इस संबंध में युग मिढा का कहना है कि संस्था रक्तदान के क्षेत्र में काम कर रही है. इस कार्यक्रम में युग मिढा, सूर्यांशु श्रीवास्तव, सूरज झंडई, चैतन्य स्वानी, अमन घई, संजय मिढा, वंश उपस्थित थे.

### धरम दयाल इंटर कॉलेज में पहली वर्षगांठ



**रांची।** धरम दयाल इंटर कॉलेज की पहली वर्षगांठ मनाई गई. समारोह के मुख्य अतिथि जैक अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो और मारवाड़ी कॉलेज की प्रो स्नेहा प्रभा महतो शामिल रहे. डॉ अनिल कुमार महतो ने कहा कि झारखंड के बच्चे गरीब होने के कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं. यह कॉलेज शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है. कॉलेज के प्रिंसिपल संजय कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में होते हुए भी यहां बहुत अच्छी और उच्च शिक्षा दी जाती है. समारोह में कॉलेज के शिक्षक, छात्र सहित अन्य शामिल रहे.

### लोहरा समाज की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा



**रांची।** मोरहाबादी स्थित आक्सीजन पार्क में रविवार को आदिवासी लोहरा समाज की बैठक आयोजित हुई. लोहरा समाज से जुडे.सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की. लोहरा समाज 11अप्रैल को सरहुल शोभायात्रा में मोराहबादी मैदान से अलबर्ट एक्का चौक होते हुए सिरम टोली सरना स्थल के लिए प्रस्थान करेगी. बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष ठुमा तिर्की, संरक्षक वीरेंद्र लोहरा, मीडिया प्रभारी संजय लोहरा, प्रखंड अध्यक्ष अनूप लोहरा, राहुल लोहरा, विक्की लोहरा, रंजीत लोहरा, सूरज लोहरा, सारो लोहरा, कृतिका लोहरा,समेत अन्य शामिल थे.

## दोनों पैर खो चुके किशोर चौधरी को आर्टिफिशियल पैर लगवाया



संवाददाता। रांची

इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची जिला के तत्वाधान में प्रेसिडेंट माला श्रीवास्तव एवं सेक्रेटरी सोमा भादुड़ी के नेतृत्व में क्लब की पूरी टीम ने एक दिव्यांग की मदद की है. दरअसल, रांची के बरियातू इलाके में रहनेवाले किशोर चौधरी एक दुर्घटना में अपने दोनों पैर खो चुके हैं. पूरे परिवार पर पड़ी इस मुसीबत की घड़ी में इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा की टीम ने मदद का हाथ बढ़ाया. ऑर्थो रेमेडी प्राइवेट लिमिटेड, हरमू केंद्र के द्वारा राजीव रंजन के सहयोग से किशोर चौधरी का आर्टिफिशियल पैर लगवाया गया एवं उनकी पत्नी को रोजगार देने की कोशिश की गई. इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची की पूरी टीम ने इंसानियत के बचे होने का बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया.

### कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष बने डब्लू मुंडा महासचिव राजेश लकड़ा



**रांची।** कांके रोड स्थित रॉक गार्डेन सरना स्थल पर रविवार को सरना समिति की बैठक हुई. सरना धर्मावलंबियों की सहमति से डबलू मुंडा को कांके रोड सरना समिति का अध्यक्ष बनाया गया. बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष शशि मुण्डा, महासचिव राजेश लकड़ा, सचिव रंजीत पहान, उपसचिव लखन मुण्डा, उपाध्यक्ष सतीश खलखो, कोषाध्यक्ष प्रदीप मुण्डा, उपकोषाध्यक्ष विकास तिर्की को चुना गया. मौके पर अनिल उरांव, मंगा उरांव, जगरनाथ उरांव, सुरेश टोप्पो, भेले पहान, चिल्गू उरांव, विनय नायक समेत अन्य मौजूद थे.

## 110 गजलों के संकलन 'धड़कते दिल की खामोशी' का लोकार्पण

संवाददाता। रांची



हिंदी साहित्य भारती, झारखंड की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक में रविवार को डॉ. संगीता नाथ के गजल संग्रह ''धड़कते दिल की खामोशी'' का लोकार्पण हुआ. इस पुस्तक में 110 वैसी गजलों का संकलन है, जो केवल प्रेम पर आधारित ही नहीं, बल्कि समसामयिक विषयों को गहराई से महसूस कराती हैं. बैठक में झारखंड जानेमाने साहित्यकार मौजूद थे. उनमें जमशेदपुर से झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अरुण सज्जन, धनबाद से झारखंड प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. संगीता नाथ ''संगीत'', धनबाद महामंत्री डॉ. स्नेहलता, पलामू से प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार, पलामू अध्यक्ष अनुज कुमार पाठक, राम सुंदर दसौंधि, कुमार मनीष अरविंद, डॉ. आकांक्षा चौधरी व संध्या चौधरी उर्वशी रांची से शामिल थे.बैठक में हिन्दी साहित्य भारती के सांगठनिक विस्तार एवं भविष्य के कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई. इसमें मार्गदर्शक कुमार मनीष अरविंद ने संगठन के लिए व्यवस्थित रूप से सहायता की. जिसमें विधिवत् तौर पर डॉ. आकांक्षा चौधरी (राँची अध्यक्ष), दिवाकर झा (कोषाध्यक्ष, रांची), डॉ. साकेत पाठक (हज़ारीबाग़ अध्यक्ष), डॉ. अरुण मिश्रा (कोडरमा अध्यक्ष), विजय कुमार ''द्विज'' (गढवा अध्यक्ष), ज्योति चौधरी (लातेहार अध्यक्ष), अनिल कुमार झा (देवघर), जयप्रकाश रजक (चतरा अध्यक्ष), उदयशंकर उपाध्याय (गिरीडीह अध्यक्ष), अनुज पाठक (पलामू अध्यक्ष) के तौर पर नामित और स्वीकृत किए गए. धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. संगीता नाथ 'संगीत' ने किया.

**परंपरा** झंडा बदली कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सरना आदिवासियों ने लिया हिस्सा

## पहाड़ी मंदिर फांसी टुंगरी में लगा 40 फुट का सरना झंडा

संवाददाता। रांची

पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर फांसी टुंगरी में सरना झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया. रविवार को इस कार्यक्रम में भारी संख्या में सरना धर्मावालंबियों ने हिस्सा लिया. केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में ढोल-मांदर के साथ सरना धर्मावलंबी शामिल हुए. पहाड़ी टोला अखरा स्थल से एक पैदल मार्च निकाला गया, जो हरमू रोड होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंचा. वहां पर पुराने सरना झंडे को हटाकर पारंपरिक रीति-रिवाज और पूजा-पाठ के साथ नया सरना झंडा लगाया गया.



**पहाड़ी मंदिर पुरखों की देन है : बीना एक्का**

बीना एक्का ने बताया कि पहाड़ी मंदिर पुरखों के देन है. यह पाहड़ आदिवासीयो की आस्था से जुड़ा है. प्रत्येक मंगलवार को आदिवासी समाज पूजा अर्चना करने आता था, लेकिन आज इस पर कब्जा कर लिया गया है. शांति उरांव ने बताया कि नाग बाबा के स्थान पर मुंडन संस्कार किया जाता था. आस्था के साथ पूजा पाठ होता था. बेटा बेटी चाह रखने वाले पहाड़ी मंदिर में मन्नत मांगने आते थे. उनकी मांग भी पूरी होती थी. नाग देवता को दूध, लावा मिट्टी के घड़ा जल पोरसा जाता था.

**नामकुम के मंडल ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया**

पहाड़ी टोला के पीटर पाहन ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना करायी. नामकुम के मंडल ने भजन-कीर्त्तन का आयोजन किया. जल अर्पित करके नाग देवता से राज्य की खुशहाली की कामना की गयी. इस कार्यक्रम में पहाड़ी टोला, मधुकम, इरगू टोला, पुरानी रांची, महुआ टोली, गंगु टोली, टोनका टोली, हरमू सहित आस-पास के कई टोलों के सरना धर्मी, स्त्री-पुरुष, युवाओं ने हिस्सा लिया. मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि पहाड़ी मंदिर से आदिवासियों की गहरी आस्था है. सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक स्थानों को संरक्षित रखना जरूरी है.

## राष्ट्र की समृद्धि के लिए हर एक को सुसंस्कृत होना जरूरी : सुखी उरांव

संवाददाता। रांची

'चलो जलाएं दीप वहां, जहां आज भी अंधेरा है' ही हमारा संकल्प हो. इस आशय का विचार जनजातीय शिक्षा समिति के प्रदेश मंत्री सुखी उराव ने व्यक्त किया. वे श्री कृष्ण चंद्र गांधी शैक्षिक नगर कुदलुम, रांची में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में जनजातीय क्षेत्र के आचार्य बंधु भगिनी को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि राष्ट्र की समृद्धि के लिए समाज की हरेक व्यक्ति को सुसंस्कृत होना आवश्यक है. सुसंस्कृत समाज से ही हमारा राष्ट्र सबल एवं समृद्ध होगा. हम शिक्षकों



का काम समाज के हर एक व्यक्ति को चरित्रवान एवं संस्कृत बनाना है.

विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम ने कहा कि विद्या भारती के लक्ष्य के अनुरूप हम समाज के अंतिम व्यक्ति को शिक्षित कर उसे राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ें.

उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति शिक्षित होगा, तभी हमारा समाज कुरीतियों से मुक्त होगा. उन्होंने कहा कि शिक्षा अपने साथ संस्कार, साधना, भक्ति, आचरण एवं व्यवहार कुशलता लेकर आती है. काय शिक्षा क्षेत्र प्रमुख रथू उरांव , बहादुर टाना भगत प्रांत सह प्रमुख कोमल उरांव, गुरुवा मुण्डा, सुखदेव एक्का, राजेन मुण्डरी, सुसाना कुमारी सहित 200 से अधिक कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं.

### बेड़ो के बारीडीह एवं कोनभीठा गांव में आंधी से भारी तबाही, बिजली गुल, ग्रामीण परेशान

# घरों के ऊपर गिरे पेड़,कई बिजली के खंभे धराशायी

संवाददाता। बेड़ो



बेड़ो प्रखंड के बारीडीह एवं केनाभिट्ठा गांव में शनिवार की रात लगभग 11 बजे बारिश के बीच भीषण आंधी की चपेट में आकर कई पेड़ गिरे, बिजली का खंभा ध्वस्त हो गया. इससे लाखों का नुक़सान उठाना पड़ा है. बेड़ो थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव में मेधा दुग्ध उत्पादन केंद्र में एक विशालकाय आम का पेड़ गिर जाने से दुग्ध उत्पादन मशीन, लैपटॉप, आलमारी, बाईक सहित दर्जनों प्रकार के सामान क्षतिग्रस्त हो गए. डेयरी के अंदर सो रहे डेयरी के संचालक संजय गोप के बाएं हाथ में चोट लगी है. पेड़ ऐसा गिरा कि घर की दिवार क्षतिग्रस्त हो गई और छप्पर उजड़ गया. वहीं दूसरी ओर इसी गांव में बिजली का एक खंभा टुटकर गिर गया. जिससे विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई. घटना की सूचना मिलने पर सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व उप प्रमुख धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत तथा मेधा डेयरी की पर्यवेक्षिका विनिता कुमारी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया. इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने अंचलाधिकारी प्रताप मिंज को घटना की जानकारी देते हुए भुक्तभोगी संजय गोप को मुआवजा देने की मांग की. वहीं दूसरी ओर बेड़ो थाना क्षेत्र के केनाभिट्ठा गांव में एक साथ तीन बिजली के खंभे धराशायी हो गया और 11 हजार वोल्ट के तार भी टूटकर गिर गए . केनाभिट्ठा निवासी मुस्लिम अंसारी के घर पर एक पेड़ गिर गया जिससे मुस्लिम अंसारी को काफी नुकसान उठाना पड़ा है. बिजली के खंभों के गिरने से विद्युत आपूर्ति 12 तक लगातार ठप्प हो गई थी.

### कथकुंवारी बरटोली में मुर्गी फार्म के छत पर पेड़ की डाली गिरी

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के कथकुंवारी बरटोली में बारिश के साथ आयी भीषण आंधी की चपेट में आकर रामलखन साहु पिता स्वर्गीय रोली साहु का मुर्गी फार्म का एस्बेस्टस उजड़ गया . तेज आंधी की चपेट में आने से घर के छत के ऊपर कोयनार के पेड़ की डाली गिरी . जिससे भारी नुकसान उठाना पड़ा . घर में रखे सामान सहित कई चीजें बर्बाद हो गई और दर्जनों मुर्गियों की मौत हो गई . घटना की सूचना मिलते ही हुलसू पंचायत के उप मुखिया सह समाजसेवी अरविंद सिंह रामलखन साहु के घर में पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया . रामलखन के भाई राजकुमार साहु ने बताया कि घटना में परिवार को हजारों का नुक़सान उठाना पड़ा है . बाद में स्थानीय मुखिया भी गांव पहुंचे और भुक्तभोगी परिवार से मिले . अरविंद सिंह ने लापुंग के अंचलाधिकारी से प्राकृतिक आपदा राहत कोष से मुआवजा की भुगतान करने की मांग की है . उल्लेखनीय है कि पिछले 25 मार्च को भी आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचायी थी . वहीं दूसरी ओर देवगांव पंचायत के सरसा जंगल में कमडारा बेडो.भाया लापुंग 33 हजार वोल्ट लाईन पर तेज आंधी से पेड़ की डाल गिरने से तार टूटकर गिर गया .

## न्यूज अपडेट

### मसीही विश्वासियों ने कब्र पर आस्था के फूल चढ़ाए



**इटकी।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को मसीही धर्मावलंबियों के लिए प्रभु यीशु का पुनरुत्थान का पर्व ईस्टर पूरे विश्वास और आस्था के साथ मनाया गया. मौके पर कब्रिस्तानों में मृत परिजनों के कब्रों पर आस्था के फूल चढ़ाए गए व उनकी याद में मोमबत्तियां जलाई गई. मौके पर विशेष आराधना सभा भी किया गया. खोरखटोली स्थित कब्रिस्तान में आयोजित विशेष आराधना सभा में बिलसी कंडूलना ने मसीही विश्वासियों को संदेश देते हुए कहा की प्रभु यीशु का तीन दिन बाद जी उठने की घटना पूरे मानव जाति के लिए जीत है. यही जीत मसीही विश्वासियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. इधर सीएनआई चर्च में आयोजित आराधना सभा में सहायक पादरी जे तिर्की ने प्रभु के पुनरुत्थान की चर्चा की. कार्यक्रम में सीएनआई के मुख्य पादरी एन कंडूलना, एनडब्ल्यूजीईएल के कंदीदात् अनमोल बेक, प्रीतम खलखो, आशा खलखो, जैतून तिर्की, बिनय कच्छप, मनोरंजन मिंज, सुनीता खलखो, आराधना तिग्गा, अर्चना सपना तिग्गा सहित सैकड़ों मसीही परिवार शामिल थे.

### दुलमी में हरिनाम संकीर्तन में जुटी लोगों की भीड़



**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र अंतर्गत दुलमी पंचायत के दुलमी गांव में तीन दिवसीय श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया. इस आयोजन में स्वर्ण रेखा नदी से पंडित के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके कलश में जल भरा गया एवं कलश को श्री राधे राधे के जयकारे लगाते हुए बाजे गाजे के साथ मन्दिर लाया गया जहां पूरे विधि विधान के साथ कलश स्थापित किया गया एवं कलश स्थापना के साथ श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ. काफी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने कलश यात्रा में भाग लिया एवं पूरा दुलमी ग्राम हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, राधे राधे के जयकारों से गुंजयमान हो गया.इधर बोंगादार गांव में पूरे हर्षोल्लास के साथ पंडित के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके कलश स्थापना किया गया.

### रामनवमी सह वीर बजरंग मेला को लेकर बैठक



**ओरमांझी।** रामनवमी सह वीरबजरंग मेला समिति बारीडीह का बैठक रविवार को पुर्व मुखिया मानकी राजेन्द्र साही की अध्यक्षता मे रामजानकी मंदिर प्रांगण में हुई. बैठक में रामनवमी को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने फर विचार विमर्श किया गया. बैठक में नयी समिति का गठन और शिवरात्रि पुजा का आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया. बैठक में रामनवमी के अवसर पर ओरमांझी मे लगने वाले झंडा मिलन सह अस्त्रशस्त्र चालन प्रतियोगिता मे आकर्षक और भव्य जुलूस के साथ राम भक्त जाएंगे. नयी समिति में संरक्षक ग्राम प्रधान मानकी जयनारायण सिंह, तिरतु महतो, रामाकांत महतो, विशेश्वर महतो का चयन किया गया है. अध्यक्ष मानकी राजेन्द्र साही, उपाध्यक्ष सोहराई महतो, शिवचरण नायक, विन्देश्वर महतो, विजय महतो, सालिक हेम्ब्रोम आदि थे.

### अखंड कीर्तन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ



**सोनाहातू।** तेंतला गांव के राधेग्राम में आयोजित नवकुंज अखंड हरिनाम कीर्तन के जागरण की रात श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही. दूरदराज के लोग राधेग्राम पहुंच कर स्थापित राधाकृष्ण के प्रतिमा पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित कर रहे है. 60 कीर्तन मंडली के द्वारा नो हरि मंदिर में एक साथ कीर्तन किया जा रहा है. जागरण की रात विधायक सुदेश महतो उपस्थित होकर राधा कृष्ण के प्रतिमा पर आस्था के शीश नवाये. मंदिर के पुजारी के द्वारा विधायक को पूजा कराये गये.आयोजन समिति के अध्यक्ष विदेशी महतो,महादेव महतो,भूपेन भगत,भजोहरी महतो ,रामदास राय, शुभम सिंह मानकी, मनोज मुंडा,आदि विधि व्यवस्था में लगे है.

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का लोगों ने उठाया आनंद



**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के तिलाईपिड़ी गांव में रविवार को झूमर गीत, पाता नाच,मुर्गा लड़ाई एवं रात्रि में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया है.कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी अमीयरतन मुखर्जी, कामेश्वर महतो, अरुण मांझी,अवधेश महतो,ने विधिवत फीता काटकर किया. झूमर शिल्पी जुनून रशिका ग्रुप के झूमर सम्राट रंजीत महतो, सुरेश कुमार और झूमर शिल्पी एजे लीपनी, सुनीता राना मनोहरपुर के कलाकार अपने कला का प्रदर्शन किया. छऊ नृत्य उस्ताद सनत महतो ओर रासबिहारी की टीम ने कला का प्रदर्शन किया .

### रामटहल के आने से इंडिया गठबंधन मजबूत हुआ : साकिर



**ओरमांझी।** झामुमो पार्टी के प्रखण्ड युवा मोर्चा के अध्यक्ष सह समाजसेवी साकिर अंसारी ने दड़दाग स्थित आवास पहुंचकर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर बुके व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया. प्रखंड अध्यक्ष साकिर अंसारी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जबरदस्त मजबूती मिली है. लोकसभा सीट पर अब कांग्रेस पार्टी सह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार की जीत का रास्ता भी तय हो गया है. उन्होंने कहा कि झारखंड के माटी के सपूत और आने वाले समय में पूरे राज्य स्तर पर इंडिया गठबंधन को इसका लाभ मिलेगा. इनके कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं इंडिया गठबंधन में उत्साह का माहौल है. बधाई देने वालों में सज्जाद अंसारी साबिर अंसारी आदिल रशीद, सत्तार अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### इटकी में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**इटकी।** इटकी गुलजार रोड स्थित दर्सगाह इस्लामी में जमात-ए-हिंद की ओर से रविवार को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया. इफ्तार पार्टी में सैकड़ों रोजेदारों ने भाग लिया. इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की और देश की एकता अखंडता, भाईचारे व खुशहाली की सामूहिक दुआ मांगी. दावत-ए- इफ्तार में हाजी मुर्शीद आलम, नुरुल हक, हाजी मुस्ताक अहमद, अंजुम जमाल, कौसर आलम, मो इरफान, नदीम सहित सैकड़ों रोजेदार शामिल हुए थे.

### सरहुल मिलन समारोह के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**सिल्ली/मुरी।** 21 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह मनाने को लेकर रविवार को कुसुम टीकरा स्कूल मैदान में बैठक हुई. बैठक में सर्व समिति से मिलन समारोह को सफल बनाने हेतु कमेटी का गठन भी किया गया. जिसमें संरक्षक जितेंद्र बडाईक, पूर्व मुखिया धनेश्वर बेदिया, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार मांझी, गुरुपद माझी, भोला मांझी, सीताराम मांझी, अध्यक्ष गोपाल सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष हरिपद मांझी, सचिव सोमरा मांझी, उपसचिव रुपेश सिंह मुंडा, कोषाध्यक्ष गुहीराम मांझी,को सर्व समिति से चयन किया गया. मौके पर दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे.

### श्री श्री महावीर मंडल उरुगुट्टू की हुई बैठक

**बुढ़मू।** श्री श्री महावीर मंडल उरुगुट्टू की बैठक रविवार को रामकिशोर गिरि की अध्यक्षता में हुई. बैठक में रामनवमी के अवसर पर आगामी 21 अप्रैल को उरुगुट्टू बाजारटांड़ में अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया. कार्यक्रम की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव,सचिव कृष्णा महतो, कोषाध्यक्ष प्रेमप्रकाश सिंह बनाये गये. कमेटी में संरक्षक रामप्रसाद महतो, चंद्र कांत गिरि, लाल मृतुन्जय नाथ शाहदेव, जलेश्वर महतो, मनोज महतो चुने गये.

### कोचिंग सेंटर में बच्चों को मिलेगा बेहतर शिक्षा : भुवनेश्वर महतो

**राहे।** झारखंड सामाजिक कल्याण संस्थान के द्वारा चुतरूडीह, राहे में कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए स्वामी विवेकानंद कोचिंग सेंटर का उद्घाटन संस्था के सचिव भुवनेश्वर महतो के द्वारा विधिवत रुप से किया. इस अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुए भुवनेश्वर महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में इस सेंटर के माध्यम से चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व का विकास, सामाजिक कर्तव्यों का पालन, कौशल की उन्नति के अवसर पर जोर दिया जायेगा. मौके पर भृगुराम लोहरा, सुशील कुमार महतो, दिनेश महतो, जगत महतो समेत काफी संख्या में बच्चो के अभिभावक मौजूद थे.

### इटकी में 14 घंटे बाद बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल

**इटकी।** प्रखंड क्षेत्र में 14 घंटे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई. शनिवार को रात लगभग 11 बजे बिजली जाने के बाद रविवार को लगभग एक बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई. बिजली जाने से क्षेत्र में पानी की समस्या साथ अन्य समस्या उत्पन्न हो गई विशेष कर महिलाओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा. मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात अचानक तेज हवा और तूफान चलने और गर्जन होने की वजह से 33 हजार लाइन में खराबी आने के बाद बिजली चली गई थी . रविवार को लाइन में आई खराबी को दूर करके 1 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई.

# पिठौरिया में पीएलएफआई का उग्रवादी सूरज महतो गिरफ्तार

संवाददाता। रांची



राजधानी की पिठौरिया थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य सूरज महतो उर्फ सूरज गोप को गिरफ्तार किया है. इसके पास से एक पिस्टल, दो लोडेड मैगजीन, 10 गोली, दो मोबाइल फोन, 10 उग्रवादी पर्चा, एक बैग, वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड, पैन कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुआ है. इसके अन्य तीन सहयोगी रात तथा जंगली क्षेत्र होने का लाभ उठाकर भाग गये. एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रंगदारी के लिए क्रशर में आगजनी मामले का खुलासा करते हुए एक पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि पिठौरिया थाना क्षेत्र में पीएलएफआई उग्रवादियों के जरिये घटना को अंजाम दिये जाने की सूचना प्राप्त हुई. ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम को शामिल करते हुए पिठौरिया थाना के मुरैठा से उग्रवादी सूरज महतो उर्फ सूरज गोप को गिरफ्तार किया गया. वह रातू थाना चिलदाग का रहने वाला है.

गिरफ्तार उग्रवादी ने पूछताछ में मुरैठा में आपराधिक सहयोगियों में कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान, रंजन महतो उर्फ रंजन गोप, बब्लु गंझू के उपस्थित रहने की बात बतायी. उसने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वह प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य है. वह एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नेतृत्व में उग्रवादी घटनाओं में शामिल रहा है.

**10 लाख की रंगदारी मांगी थी :** गिरफ्तार उग्रवादी ने बताया कि एक मार्च की रात को सांगा गांव स्थित हकीम अंसारी के स्टोन क्रशर प्लांट में आगजनी की घटना कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नेतृत्व में किया गया था. इस घटना में वह भी शामिल था. क्रशर मालिक से कृष्णा यादव के जरिये दस लाख रुपये लेवी की मांग की गई थी, जिसे नहीं देने पर आगजनी की घटना में क्रशर प्लांट में खड़े हाइवा वाहन, लोडर एवं जेनरेटर में आग लगा दिया गया था. एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी के खिलाफ सात मामले दर्ज हैं.

### मैथन में 36.4 किलो चांदी के साथ तीन लोग धराये



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड-पश्चिम बंगाल बॉर्डर पर मैथन पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान रविवार की शाम बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने एक स्विफ्ट कार (डब्ल्यू बी 12बीएम 5390) से 36.4 किलोग्राम चांदी जब्त किया है. कार में सवार प्रदीप मंडल, संजू नासकर एवं विक्रमजीत राय तीन लोगों को पकड़कर पुलिस थाने लाई है. जहां उनसे चांदी के संबंध में पूछताछ कर रही है. हिरासत में लिये गये लोगों ने पूछताछ में बताया कि चांदी कोलकाता से हजारीबाग ले जाया जा रहा था. पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिये गये लोगों से पूछताछ करने और जांच-पड़ताल करने के बाद कार्रवाई की जाएगी. मालूम हो कि मैथन पुलिस ने पिछले दिनों चेकपोस्ट पर वाहनों से 14.19 लाख रुपये और भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया है.

पुलिस टीम में ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, डीएसपी अमर कुमार पांडेय, गौतम कुमार राय, सत्यदेव प्रसाद, मो मोबिन और एसएसपी की क्यूआरटी टीम शामिल थी.

### डीएवी स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन

**पिपरवार।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में कक्षा तृतीय से लेकर एकादशी तक के छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया . इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने किया . समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओ के द्वारा वार्षिक परीक्षा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किए जाने का कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता है जिस विद्यालय के छात्रअनेक क्षेत्रों मेंमेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण कर मुकाम हासिल कर सके .

### डीएवी बचरा में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के प्राचार्य राजीव रंजन झा की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया . इस विदाई सह सम्मान समारोह के दौरान नवनियुक्त प्राचार्य आर बी प्रसाद को पूर्व प्राचार्य राजीव रंजन झा के द्वारा पदभार सौपा गया.विदाई सह सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय के शिक्षको के द्वारा से सेवानिवृत होने वाले प्राचार्य राजीव रंजन झा को विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा माला पहनाकर अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया . इस समारोह में मुख्य रूप से नवनियुक्त प्राचार्य आर बी प्रसाद ,एके घोष,प्रेम सागर, आर आर दत्ता, ओ पी यादव, केएन पाण्डेय, आमा खन्ना, सुदीप्ता डे, निरमा पाठक, अनिता सोनी, एस भट्टाचार्य, पी के मिश्रा,सौरभ सिंह, सुरेश कुमार आदि शिक्षक शिक्षिका सहित अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित थे.

## विक्रम हाजरा की गायकी में गोता लगाते रहे श्रद्धालु



संवाददाता। रांची

गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउंड का सभागार रविवार को सद्गुरु प्रसिद्ध संत श्रीश्रीरविशंकर और ईश्वर की भक्ति से सराबोर रहा. यहां आर्ट ऑफ़ लिविंग झारखंड चैप्टर की ओर से भजन संध्या सॉग फार द सोल का खास आयोजन किया गया. इसमें एओएल के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त कलाकार विक्रम हाजरा ने ईश्वर और गुरु भक्ति में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर सब को झुमाया. शाम छह से रात साढ़े आठ बजे तक सभी भक्ति के महासागर में गोता लगाते रहे. इस बीच विक्रम हाजरा लोक संगीत, पारंपरिक मंत्रों और प्राचीन दर्शन को इलेक्ट्रिक गिटार के साथ अपने मधुर स्वर से संगीत में पिरोते रहे. सुरता को करनो है व्याह ... भजन पेश कर विक्रम ने कबीर के परम शिष्य की भावना को संगीत के माध्यम से जीवंत कर दिया. कौन कहते हैं भगवान आते नहीं ... और नारायण नारायण ... जैसे भजन प्रस्तुत कर समा बांध दिया. एओएल के वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रवीण कुमार, सर्मिष्ठा, राकेश भ्रमर, प्रो डेविड, प्रो जुथिका, सविता, पीएन सिंह, संगीता, निखिल, सोनाराम, सुमिता, ऋषि, बेबी, रामचंद्र बरनवाल, सहेंद्र सिन्हा, रविंद्र, रोशनी खलको, निधि गर्ग, टुलू सरकार आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

## सिल्ली में विविध प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता। सिल्ली/मुरी



सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन शहीद दिलीप बेदिया अकादमी के द्वारा पुरुष वर्ग के लिए 5 किमी का मैराथन दौड़ एवं महिला वर्ग के लिए तीन किमी का मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया . पुरुष वर्ग में प्रथम रसिक चंद्र हेसा (चाईबासा) द्वितीय विनोद करमाली (गोला) तृतीय बालेश्वर बेदिया एवं महिला वर्ग में प्रथम लक्ष्मी कुमारी (हडाबेरा) द्वितीय खुशी कुमारी (गोला) तृतीय शंकशी कुमारी ने सफलता प्राप्त किया. इसी क्रम में लड़कियों के लिए 100 मीटर का दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम सोनका कुमारी (बनुआडीह) द्वितीय मंदाभी कुमारी (रामपुर) तृतीय रीया कुमारी (चारलू), 200 मीटर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरस्वती कुमारी (मेदिनी), द्वितीय अंजली कुमारी (रांची), तृतीय रीता कुमारी ने सफलता प्राप्त की. 400 मीटर की प्रतियोगिता में खुशी कुमारी (गोला), द्वितीय लक्ष्मी कुमारी एवं तृतीय सोनिका कुमारी ने सफलता प्राप्त की.

**खास बातें**

- पांच किमी का मैराथन दौड़ रसिक चंद्र हेसा ने जीता
- तीन किमी महिला मैराथन में लक्ष्मी कुमारी ने बाजी मारी

800 मीटर की दौड़ में प्रथम संकरी कुमारी, द्वितीय सुचिता कुमारी, तृतीय रीता कुमारी ने सफलता प्राप्त की. लड़कों के लिए 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीरबल बेदिया (कुसुमटीकरा), द्वितीय आयन बेदिया, तृतीय वासुदेव वेदिया (दुमका हरीडीह) 200 मीटर की दौड़ में प्रथम राणा कुमार (बुंडू ), द्वितीय मनीष कालिंदी (हलमाद), तृतीय संजय बेदिया (गोराडीह), 400 मीटर की दौड़ में रोहित कुमार (रांची), द्वितीय दिनेश बेदिया (रांची), तृतीय निर्मल कुमार (रांची), 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम राम महली (बुंडू), द्वितीय सिदाम बेदिया (महुआ टुगड़ी), तृतीय देवराज पटेल (रामगढ़), ने सफलता हासिल किया. अकादमी की ओर से बताया गया कि सभी सफल प्रतिभागियों को 4 अप्रैल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा. आज के कार्यक्रम में समीर आयुबी, सुनील बेदिया का सराहनीय योगदान रहा.

**तैयारी** | महादानी मंदिर परिसर में श्री रामनवमी पूजा महासमिति की हुई बैठक

# रामनवमी शोभायात्रा में सामाजिक समरसता की झलक दिखेगी : मनोज

संवाददाता। बेड़ो



बेड़ो प्रखंड में इस वर्ष रामनवमी पूजा एवं रामनवमी के मौके पर भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी. यह निर्णय रविवार को मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में आयोजित श्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक के दौरान श्री रामनवमी पूजा महासमिति की नई कमेटी ने लिया है. बैठक के दौरान पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया जिसमे सर्व सम्मति से बेड़ो रामनवमी पूजा महासमिति का अध्यक्ष राकेश भगत को बनाया गया. वहीं कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी कृष्णा गोप यादव को दी गई. समिति में उपाध्यक्ष के रूप में सुरेंद्र महतो, शशि गोप अशोक महतो, कैलाश महतो, चरवा उरांव, लक्ष्मी गुप्ता, आशीष महतो को बनाया गया. वहीं सचिव के रुप में विश्वनाथ गोप, सह सचिव के रुप में हरिचरण महतो, कोषाध्यक्ष के रूप में मुकेश कुमार राय तथा सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी मनोज बड़ाईक को दी गई. संगठन सचिव सुरजीत भगत तथा सह संगठन सचिव का दायित्व अंकित कुमार सोनी को दी गई. मिडिया प्रभारी की जिम्मेवारी रवि सिंह*व एवं विकास कुमार बंटी को दी गई. कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में अशोक गोप, विकास सोनी, परशुराम साहु, मुकेश गोप, प्रेम महतो, शिवेंद्र सौरभ तथा कमेटी में संरक्षक के रूप में डॉ. प्रवीण चंद्रा, महावीर गोप, डॉ. एस.पी.साहू, वाणी कुमार राय, राजेंद्र साहू रौनियार, रवींद्र वर्मा, मुन्ना बड़ाईक, धनंजय कुमार राय, जगन्नाथ भगत, नकुल राम महथा, मनोज लकड़ा, मनोज भगत, नवदीप महतो, सुरेंद्र यादव, उमेश महतो, परना महतो, राम बड़ाईक, राजेश प्रसाद, रंजीत खत्री, सोमा नायक, डॉ रमेश गुप्ता, मुकेश कुमार एवं रवि केशरी को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी गई. इस मौके पर रामनवमी पूजा आयोजन समिति के संरक्षक मनोज लकड़ा ने कहा कि रामनवमी और सरहुल पर्व का आयोजन सरना एवं सनातन एक साथ करें ताकि समाज में अभूतपूर्व एकता अखंडता एवं सामाजिक समरसता दिखाई दे. वहीं

**खास बातें**

- श्री रामनवमी पूजा आयोजन महासमिति का पुनर्गठन ,राकेश भगत बने अध्यक्ष
- कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेवारी कृष्णा गोप को सौंपी गई

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश भगत ने कहा कि सरहुल पूर्व संध्या के दिन कार्यक्रम के दौरान सरना एव सनातन की समन्वय तथा सामूहिकता की झलक दिखाई देनी चाहिए. समिति के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जिस तरह रामनवमी पूजा की बड़ी जिम्मेवारी दिवंगत मुन्ना उर्फ मुन्नु भगत निभाते आए थे उसी परंपरा को आगे भी बढाया जाएगा.

